# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.djmp.in/epaper ✷ चाचौड़ा ✷ राघौगढ़ ✷ मुंगावली ✷ चंदेरी ✷ पोहरी ✷ कोलारस ✷ जीरापुर ✷ सारंगपुर ✷ बड़नगर ✷ नागदा

भोपाल, 15 अक्टूबर 2024


## न्यूज कार्नर

### लोडिंग वाहन में सवारी ढोने पर 10 हजार का जुर्माना

**ब्यावरा।** पुलिस दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। ऑटो, पिकअप, ट्रैक्टर में सवारी ढोने वालों को समझाईश दी जा रही है कि सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए किसी भी प्रकार के लोडिंग वाहनों में सवारी का परिवहन नहीं किया जाए।

**ट्रैक्टर चालक पर 10 हजार का जुर्माना :** ट्रैक्टर में 30 से अधिक सवारी बैठा कर ढोनें वाले वाहन चालक के विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाई की गई और ट्रैक्टर को जप्त कर सुरक्षा हेतु थाना यातायात में खड़ा किया गया था। उक्त ट्रैक्टर चालक का चालान न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर न्यायालय द्वारा ट्रैक्टर चालक को 10 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया। इसी प्रकार शराबी ट्रक चालक पर 21,500 रुपए का जुर्माना लगाया है। चेकिंग अधिकारी द्वारा वाहन चालक का ब्रीथ एनालायजर मशीन से परीक्षण किया गया जिसमें वाहन चालक शराब में होना पाया गया। तद उपरांत सिविल अस्पताल ब्यावरा में वाहन चालक का मेडिकल परीक्षण कराया गया। वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब के नशे में वाहन चलाना में कार्यवाई की गई थी । वाहन चालक का चलन माननीय न्यायालय पेश किया गया एंव माननीय न्यायालय द्वारा वाहन चालक पर 21,500 रुपए के अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### हादसे के बाद माता, पिता और परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, लोगों ने ड्रायवर को पीटा

# अनियंत्रित ट्रक ने आठ साल के विधान को रौंदा, दो टुकड़ों में बंटा शरीर, मौत

**जागरण, ब्यावरा/ पचोर**





सोमवार सुबह पचोर में दिल दहला देने वाले विभत्स सड़क हादसे में एक 8 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। तेज र तार ट्रक ने अपने 8 साल के बेटे विधान को नाश्ता दिलाने ले जा रहे पिता की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बालक बाइक से उछलकर सड़क पर ट्रक के सामने जा गिरा। जैसे ही बालक सड़क पर गिरा वैसे ही पीछे से ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसा इतना भयानक था कि पहिया बालक के बीच शरीर से गुजर गया, जिससे विधान के दो टुकड़े हो गए। हादसे के में अपने पुत्र को गवां चुके उसके पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं बालक मां के तो होश ही उड़ गए, वह रो-रोकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं बालक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर हादसे से गुस्साई भीड़ ने ट्रक ड्रायवर को पकड़कर पिटाई लगाते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर ड्रायवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

हादसा सोमवार सुबह 10.30 बजे पचोर के बस स्टैंड पर हुआ। घर से नाश्ता लाने की जिद कर रहे अपने नन्हे बेटे विधान को विशाल राजौरे बस स्टैंड के रेस्टोरेंट से नाश्ता दिलाने घर से निकले थे। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। उल्लेखनीय है कि मृतक विधान के पिता विशाल पचोर में बस स्टैंड पर ही फल की दुकान लगाते है। सुबह 10.30 बजे बच्चे को बाइक से लेकर नाश्ता दिलवाने के लिए आए थे। इसी दौरान मंडी की और से आ रहे तेफ र तार ट्रक क्रमा एमपी 09 एचएच 1385 ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाइक के साथ विशाल एक तरफ तो विधान दूसरी तरफ उछलकर जा गिरा। बच्चे के गिरते ही ट्रक अनियंत्रित ट्रक बच्चे को रोंदता हुआ गुजर गया, जिससे पेट व कमर से बच्चा दो हिस्सों में बंट गया।

### पिता बेहाल, मां बेहोश और लोगों में आक्रोश

अपने कलेजे के टुकड़े को इस तरह हादसे का शिकार होने से पूरे परिवार में मातम पसर गया है। अपनी आंखों के सामने बेटे की मौत से पिता के विशाल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं मां तो बेहाश हो गई। वहीं घटना को लेकर नागरिकों में आक्रोश है। मौके पर ही ट्रक ड्रायवर की धुलाई लगा दी।

### चार थानों का पुलिस बल तैनात

बीच शहर में हुए विभत्स हादसे को लेकर नागरिकों में खासा आक्रोश दिखाई दिया। किसी अप्रिय घटना को रोकने पुलिस ने चार थानों पचोर सहित करनवास, बोड़ा और तलेन थाने की पुलिस का पुलिस बल बुलाकर तैनात कर दिया।

**नहीं लग रहा दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध :** शहर में बेरोकटोक भारी वाहनों का प्रवेश हो रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। नागरिकों का कहना है दिन में भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। क्योंकि माल लेकर आने व जाने वाले भारी वाहनों को दिन में ही बाजार व सड़कों पर खड़े कर खाली व लोड किए जाते हैं।

#### इनका कहना है

ट्रक की टक्कर से हुई बालक की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। पूरे मामले की जांच व कार्रवाई की जा रही है।

**अखिलेश वर्मा, थाना प्रभारी, पचोर**

### परिवार में अकेला लड़का था विधान

पचोर के वार्ड 13 खटीक मोहल्ले के रहने वाले विशाल राजौरे, आकाश राजौरे, परमानंद राजौरे और कान्हा राजौरे चार भाइयों में सिर्फ बड़े भाई विशाल और मंझले भाई आकाश की शादी हुई थी। लेकिन चार भाइयों के इस परिवार में एक ही लड़का विधान (वरदान) था। घटना के बाद पूरे खटीक मोहल्ले में मातम का माहौल है। विधान की मां पिंकी खटीक आरोन की रहने वाली है। नवमी और दशहरा मनाकर विधान मां के साथ रविवार को ही आरोन से लौटा था।

## राज्यमंत्री ने ली अधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक



**जागरण, ब्यावरा**

शहर की विभिन्न समस्याओं, आवश्यकताओं और विभिन्न विषयों को लेकर सोमवार को राज्यमंत्री नारायण पंवार ने प्रशासनिक अधिकारियों सहित व्यापारियों के साथ की समीक्षा बैठक ली। इसमें कई विषयों पर चर्चा विमर्ष कर आवश्यक निर्णय लिए। बैठक में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### सड़क पर फैला पानी और कीचड़



ब्यावरा। शहर के बीच कन्याशाला स्कूल और पेट्रोप पंप के सामने आए दिन पाइप लाइन फूटने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सोमवार को भी पाइप लाइन फूटने से सड़क पर पानी बह निकला, जिससे कीचड़ फेल गया। पानी और कीचड़ के कारण राहगीरों को खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है।

## जंगल में ड्रोन के माध्यम से की जा रही तेंदुए की सर्चिंग

**महाराजखेड़ा आसपास के क्षेत्र में वन विभाग द्वारा रखी जा रही तेंदुए पर नजर**

**जागरण, ब्यावरा/ सुठालिया**



सुठालिया क्षेत्र के महाराजखेड़ा गांव में शनिवार रात तालाब के पास निवासरत परिवार की एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर उसके मुंह पर पंजा मार कर घायल कर दिया था। इस घटना के बाद गांव सहित क्षेत्र में के ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग की टीम भी अलर्ट हो गई है। घटना के दूसरे दिन रविवार को महाराज खेड़ा गांव के आसपास क्षेत्र के जंगल में ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ वन विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों द्वारा बताई गई लोकेशन आधार पर तेंदुए को ढूंढ रही है। चार-पांच जगह तेंदुओं को ढूंढने का प्रयास किया गया।

वहीं पिंजरा लगाकर उन्हें पकड़ने की भी कोशिश की जा रही है। लेकिन रविवार शाम तक टीम को न तो तेंदुआ दिखाई दिया और न ही तेंदुआ पकड़ में आया। वहीं वन विभाग की टीमों द्वारा सोमवार को भी महाराज खेड़ा सहित आसपास के जंगलों में ड्रोन से भी तेंदुए पर नजर रखी गई। लेकिन तेंदुए कहीं नजर नहीं आए। दूसरी ओर घायल महिला रूपाबाई को रविवार को ब्यावरा से उपचार के बाद राजगढ़ रेफर कर दिया गया था। जहां से उसे छुट्टी मिल गई है। मामले में ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए की आहट से गांव में अभी भी दहशत का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण अपने कृषि कार्यों को लेकर भी जंगल में जाने से डर रहे हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारियों का कहना है कि ने बताया की टीम लगातार तेंदुए को खोजने के लिए जंगल में है। ग्रामीणों के बताए अनुसार सर्चिंग कर रहे हैं। वहीं घायल महिला का उपचार के बाद छुट्टी हो गई है। उसे जो भी मुआवजे का प्रावधान है दिलाया जाएगा।

#### इनका कहना है

महाराज खेड़ा के जंगल में में तेंदुए की सर्चिंग ड्रोन से की जा रही है। लेकिन तेंदुआ कहीं दिखाई नहीं दिया। फिर भी ग्रामीणों ने जिस पेड़ के पास वह मुंह करता है, वहा पिंजरा रखकर उसमें खाने की सामग्री भी डाली है। टीम लगातार प्रयासरत है।

**गौरव गुप्ता**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी, ब्यावरा**

### महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

**ब्यावरा।** जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में 15 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तकरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों से अनेक रिक्त पद प्राप्त हुए हैं। जिसकी निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा रिक्त पदों की भर्ती की जाएगी। जिसके लिए आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास हो, आयु 18 से 30 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं। वेतन पद व योग्यता अनुसार देय होगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवकों का चयन क पनी के अधिकारी के समक्ष साक्षात्कार के दौरान किया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अपने साथ दस्तावेज की छाया प्रतियां साथ लाएं।

**आर्थिक सहायता स्वीकृत**

**राजगढ़।** एसडीएम नरसिंहगढ़ द्वारा निवासी ग्राम बडोदिया के धनसिंह की नाले के पानी में डूब कर मृत्यु हो जाने के कारण उसकी वैध वारिस पत्नी बिन्दियाबाई को, ग्राम पालजागरी निवासी अभिषेक की पानी में डूब से मृत्यु हो पर 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### भैंसवा माता में मांगलिक आयोजन करने लगी भक्तों की भीड़, देश विदेश से आते हैं श्रद्धालु

## दूर तक फैली बिजासन माता की ख्याति मान-मन्नत पूरी होने के बाद देते हैं बली

**जागरण, सारंगपुर**





मालवांचल का प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बीजासन भैंसवा माता के दरबार में शारदेय नवरात्रि पश्चात, मान मन्नत पूरी होने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। देशभर से लोग यहां आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। मालवांचल की प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भैंसवा बिजासन माता की अपनी महिमा है। यह शक्तिपीठ भैंसवा कलाली माता के नाम से भी विख्यात है। बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि इस मंदिर का इतिहास 600 से अधिक साल पुराना है। 1200 एकड़ में फैली इस पहाड़ी से राजस्थान के लाखा बंजारा अपने व्यापार और अपने पशुओं को चराने आते थे।

**बारस को मांगलिक अनुष्ठान करने पहुंचे श्रद्धालु :** नगर में सैकड़ों साल पुराने लाल माता-फूलमाता मंदिर में प्रतिवर्ष स्थानीय तथा दूरदराज से भक्तगण सपरिवार नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा अनुष्ठान हेतु बड़ी संख्या में आते हैं। जो गाजे-बाजे के साथ घर स्थापन में शामिल होकर नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहकर विभिन्न अनुष्ठानों में हिस्सा लेते हैं। जो कभी कोली समाज की अधिक संख्या होने से कोलीवाड़ा फिर गाड़री वाड़ा हुआ मोहल्ला बना जहां उक्त समाज की कुलदेवी प्राचीन काल से विराजित है, यह मान मन्नत पूरी होने पर आज भी नवरात्रि पश्चात बारस को बिजासन भैंसवा माता पहुंचकर माता को बलि देने का विधान है, कायम रख रख कर मां की पूजा चढ़ाते है। जिसमें बहिनिया परिवार के सभी सामाजिक लोग शामिल होते हैं।

**दूर-दूर तक फैली ख्याति :** इस स्थल पर स्थानीय समाजों की तो आस्था है ही साथ में विभिन्न राज्यों और शहरों में बसे लोगों की भी बहुत आते है। हाल ही में इंदौर का बहिनिया समाजजन जो पूरे परिवार के साथ 11 दिन के लिये सारंगपुर आकर अपनी कुल देवी की पूजा अर्चना कर मांगलिक कार्य के पूर्ण करते हैं। अंत में बीजासन महामाया भैंसवा भाताजी के यहां अंतिम अनुष्ठान कर अपने-अपने गंतव्य को रवाना होते हैं। इस संबंध में इन्दौर से मान उतारने आये बहिनिया परिवार के उमेश बहिनिया, रमेश बहिनिया ने बताया कि हमारा पूरा परिवार वर्षों से अपने गृह नगर सारंगपुर में कुलदेवी की पूजा-अनुष्ठान करने आता है तथा हम अपने खाने का संपूर्ण सामान साथ लेकर आते हैं एवं पूर्ण भक्ति भाव के साथ यहां आकर मांगलिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। साथ करीब 100-150 लोग आते हैं जो अपना व्यापार, व्यवसाय बंद रखकर मां की सेवा पूजा में लगते हैं। कमलेश बहिनिया ने बताया कि हमें स्थानीय धनगर समाज तथा पुष्पद माली समाज के साथ-साथ नगर पालिका और पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहता है, जो हमारी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं उन्होंने बताया कि लालमाता माता, बिजासन माता को सच्चे मन से पूजने से मन की मुराद पूरी होती हैं। हम यहां से भैंसवा माता जी में दर्शन एवं विशेष अनुष्ठान करने के बाद क्षेत्र छोड़ते हैं।

## सद्गुरु कबीर आश्रम खुरी पर कराया भंडारा

**जागरण, ब्यावरा**



राष्ट्रीय सद्गुरु कबीर धर्मदास सेवा समिति के तत्वावधान में सद्गुरु कबीर आश्रम खुरी में 13 अक्टूबर रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें महंत श्री नारायण दास गुरुजी की उपस्थिति में मौजूद समाज के अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्रसादी का वितरण किया।

इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथि में भारत के महामहिम पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के बड़े भाई श्री रामस्वरूप भारती, श्री आरडी पंथी, श्रीमती मोहिनी शाक्यवार, नारायण पंत, संतोष उरेया, बाबूलाल उरेया, केशव मथनेया कैलाश पंत इंजि. बी.एल.उरेया धनश्याम शाक्यवार, विजय सिंह सोधिया, संतोष जाटव, हरिप्रसाद शाक्यवार, टीकमचंद शाक्यवार, राजू शाक्यवार, केदारनाथ गुर्जर, भागचंद धनगर, जगदीश दांगी, सतीश दुबे, ओम प्रकाश, लक्ष्मीनारायण शाक्यवार आदि सभी अतिथियों का स्वागत विवेक शाक्यवार जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय सदगुरु कबीर कोरी कोली महासभा नई दिल्ली शाखा ब्यावरा द्वारा किया गया।

## दिग्विजय सिंह ने दी पूर्व विधायक स्व. बलराम सिंह को श्रद्धांजलि

**जागरण, ब्यावरा**



पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह रविवार का ब्यावरा आगमन हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। इसके बाद वे पूर्व विधायक बलराम सिंह गुर्जर के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पण करने उनके गृह ग्राम जरकड़ियाखेड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने स्व. श्री गुर्जर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार से मिले। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

## चामुंडा माता मंदिर मऊ व बड़ाबाग में कराया भंडारा

**जागरण, सुठालिया**



शारदीय नवरात्रि के समापन पश्चात मंदिरों में हवन पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जा रहा हे। बीती रविवार रात को ग्राम मऊ स्थित प्राचीन मां चामुंडा मंदिर परिसर में महाआरती के साथ विशाल भंडारा हुआ। जिसमें बड़ी तादाद में सुठालिया, मऊ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। व्यवस्थाओं में सुठालिया पुलिस व श्रद्धालु लगे रहे। यहां हुए हवन शांति आयोजन के मुख्य यजमान थाना प्रभारी प्रवीन जाट रहे। जिन्होंने शनिवार दोपहर सपत्नीक हवन किया ओर कन्याओं के पेर पूजन किए।

भंडारे में मप्र शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, एडिशनल एसपी आलोक शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा सहित जिले के पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मी राजनीतिक दलों के नेता पदाधिकारी गण सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए। भंडारे में सुठालिया थाना के पुलिस कर्मी एवं मऊ के युवाओं सहित चामुंडा मंदिर विकास सेवा समिति के सदस्य श्रद्धालु व पुलिसकर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।

**बड़ाबाग में विशाल भंडारा सम्पन्न :** नगर में नवरात्री पर्व के समापन अवसर पर सोमवार को नगर के प्राचीन सिद्ध स्थल महावीर आश्रम बड़ाबाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे की शुरुआत कन्या पूजन से की गई।

इस दौरान सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराया गया। तत्पश्चात नागरिकों का भंडारा शुरू हुआ जो सायंकाल पांच बजे से देर रात्रि तक चला। जिसमें हजारों पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर भंडारे की व्यवस्था में महावीर आश्रम सेवा समिति एवं गरबा उत्सव समिति के सदस्य गण व धर्मप्रेमी नागरिकों ने संभाली। गौरतलब है कि बड़ाबाग में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के समापन के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र और दिल्ली तक पहुंच रही सारंगपुर के सीताफल की मिठास

**जागरण, सारंगपुर**

### स्वाद के चलते देश से बाहर भी अपनी प्रसिद्धि पा रहा है सीताफल



नगर ही नही प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अपनी पहचान बना चुका सारंगपुर का सीताफल अपनी मिठास व क्वालिटी के कारण अब देश से बाहर भी अपनी प्रसिद्धी पा रहा है। नगर सहित आसपास के गांवों में लगातार बढ़ते जा रहे सीताफल के बगीयों ने इस क्षेत्र को एक नई पहचान दी है। हालांकि इस बार मौसम की विपरीत प्रतिकुलता के कारण गत वर्ष से कम सीताफल हुआ है वही कई पेड़ भी सूख चुके है। इस वजह से गत वर्ष की तुलना में सीताफल ज्यादा महंगा बिकने की संभावना है। इस बार देर तक हुई वर्षा के कारण सीताफल देरी से बाजार में आना शुरु हुए है हालांकि अभी आवक ज्यादा नही हो रही है। फिर भी सीताफलों की टोकरियां बाजार में दिखाई देने लगी है। हालांकि इस बार सीताफल महंगा बिकेगा। फल भी अपेक्षाकृत कम ही है।

**आसपास के गांवों में भी है बगीचे :** नगर के आसपास के गांवों सहित समीप के जिलों के गांवों के सीताफल के बगीचों का फल सारंगपुर आ रहा है। यहां से अच्छा फल पैक होकर बड़े शहरों में भिजवाया जा रहा है।

**राज्य से बाहर जाता है सीताफल :** आसपास के क्षेत्र का उत्पादित सीताफल की वैसे तो इंदौर, ग्वालियर में सबसे अधिक मांग है किन्तु अपनी क्वालिटी व मिठास के कारण यह फल प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, बंगाल, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में भी जाता है।

**बाहर भेजने के लिए अच्छा फल होता है पैक :** इंदौर, ग्वालियर के अलावा अन्य स्थानों पर भेजे जाने वाला फल इस प्रकार का भेजा जाता है जो 4-5 दिनों के बाद तक भी खराब नहीं होता है। ताकि वह अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद खराब न हो सके।

**कई लोगों को मिलता है रोजगार :** स्थानीय स्तर की ही बात की जाए तो सारंगपुर स्थित शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी सारंगपुर के अधिपत्य सीताफल का बगीचा राडी में सीजन के समय 100 से 150 लोगों को रोजगार मुहैया होता है। जिससे उनके परिवार की रोजी-रोटी चलती है। प्रतिदिन के मान से काम करने वाले मजदूरों में फल तोड़ने वाले, फल को पैकिंग करने वाले तथा स्थानीय स्तर पर फल बेचने वाले शामिल है।

**लोकल में बिकता है बी और सी ग्रेड का सीताफल :** सारंगपुर क्षेत्र का बड़ा और अच्छी क्वालिटी का फल तो बाहर भेज दिया जाता है। वही लोकल में हल्का व छोटा फल ही बाजार में बिकने को आता है। यहा के लोग ए ग्रेड का फल देखने को तरस जाते है। इस बार बाजार मे सीताफल 30 से 50 रुपए प्रति नग तक बिक रहा है। पूर्व पार्षद इखलास अंसारी का कहना है कि अच्छा फल बाहर भिजवाना मजबूरी है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर अच्छे फल के सही दाम नही मिलते है और हर साल बगीचे की नीलामी भी ऊंचे दामों पर जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### सोना 78 हजार और चांदी 92 हजार रुपए के पार

**जागरण उज्जैन।** पिछले दो सप्ताह में सराफा बाजार में सोना-चांदी के गहनों की खरीदी व्यापारियों की अपेक्षा से कम रही। इसके पीछे कारण यह रहा कि दो सप्ताह के अंतराल में सोना 500 और चांदी 1200 रूपए तक उतार-चढ़ाव के बीच महंगी हो गई। सराफा व्यवसाई संजय सोनी ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से सराफा बाजार में अपेक्षा के अनुरुप ग्राहकी कमजोर रही है। इसके पीछे कारण यह है कि सोने और चांदी के दाम 29 सितंबर से लगातार ऊंचे रहे। उन्होंने बताया कि उस दौरान सोना 77 हजार 650 तथा चांदी 91 हजार 300 रूपए प्रतिकिलो पर पहुंच गई थी। वहीं नवरात्रि के दौरान भी भाव में उतार-चढ़ाव के बीच लगातार उछाल बना रहा। इस कारण भी व्यवसाईयों की अपेक्षा के अनुरुप बाजार में ग्राहकी नहीं रही। उन्होंने बताया कि रविवार को भी उछाल के साथ उज्जैन सराफा बाजार में सोने के भाव 78 हजार 150 रूपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के भाव 92 हजार 500 रूपए रहे। दो सप्ताह के अंतराल में कल सोने के भाव में 500 रूपए और चांदी के भाव में 1200 रूपए का उछाल रहा है।

### क्षत्रिय कुशवाह समाज ने किया शस्त्र पूजन



**जागरण उज्जैन।** क्षत्रिय कुशवाह समाज उज्जैन एवं ऊं क्षत्रिय कुशवाह समाज कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में क्षत्रिय कुशवाह समाज धर्मशाला स्थित श्री राम मंदिर परिसर मे सनातन संस्कृति का प्रतीक शस्त्र पूजन एवं विजयोत्सव का कार्यक्रम विजयादशमी पर परंपरागत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर क्षत्रिय कुशवाह समाज अध्यक्ष के.एन.सिंह ने की .प्रमुख अतिथि के रूप में प्रोफेसर आर.के.हरदहा तथा मुख्य वक्ता के रूप मे कछवाहा - कुशवाह राजपूत महासभा के राष्टीय महासचिव बाबू सिंह कुशवाह रहे आप सभी ने शस्त्र पूजन के महत्व एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कुशवाह क्षत्रियों के कर्तव्यों का बोध कराया। कार्यक्रम का समापन आभार शैलेंद्र सिंह कुशवाह ने किया .इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी भैया लाल कुशवाह ,बद्रीलाल कुशवाह विक्की कुशवाह ,दिनेश सिंह कुशवाह .बापूसिंह कुशवाह इत्यादि समाज जन उपस्थित रहे।

### माधव कॉलेज के छात्रों का सम्मान किया गया

**जागरण उज्जैन।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर जिला स्तरीय रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय उज्जैन के छात्र देव परमार ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं कृष्ण पाल ठाकुर ने निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अल्पना उपाध्याय ने सम्मान किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भूमिपूजन हुए विकास कार्यों को जल्द प्रारम्भ कराएं : कलेक्टर नीरज कुमार

## पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशुमालिकों के विरुद्ध जुर्माने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई करें



**जागरण उज्जैन।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आज प्रशासनिक संकुल भवन में भूमिपूजन किए गए विकास कार्यों के निर्माण कार्य प्रारम्भ होने की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि सड़क विकास परियोजनाओं में संबंधित विभागों से समन्वय कर वर्कऑर्डर, एमपीईबी के पोल शिफ्टिंग एस्टीमेट, अतिक्रमण ,भूमि अधिग्रहण इत्यादि कार्यवाहियां शीघ्र कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने हरिफाटक चंदूखेड़ी मार्ग फोरलेन, लालपुल चिंतामन गणेश, बड़ापुल रंजीत हनुमान मोजमखेड़ी मार्ग, करोहन नईखेड़ी मार्ग, सदावल हेलीपेड 1300 मी, नागदा मोकडी मार्ग 22 किमी, बड़ावदा , कलसी नागदा मार्ग 22 किमी ,उज्जैन बड़नगर बायपास 22.35 किमी , वाकणकर ब्रिज से दाऊदखेड़ी 5.4 किमी , खाचरोद बड़नगर बायपास 4.1किमी इत्यादि परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। ई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि सदावल हेलीपेड का कार्य 1 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगा। इसी प्रकार अन्य सड़क परियोजनाएं भी नवंबर व दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएगी।

इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सिंह ने उज्जैन इंदौर सिक्स लेन कार्य की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल मार्ग के भूमि अधिग्रहण के संबंध में भी जानकारी ली। जिसमें प्रारूप ख, विशेषज्ञ का जांच प्रतिवेदन, धारा 11 का प्रकाशन आदि कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उज्जैन मक्सी 4 लेन चौड़ीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई।

जल संसाधन विभाग अंतर्गत कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना में एमपीईबी को एस्टीमेट शीघ्र देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यूटिलिटी ओनर को शीघ्र राशि का भुगतान किए जाने के निर्देश ई डब्लूआरडी को दिए। उन्होंने डक्ट एक्ट के तहत 18 किमी के भू अर्जन की स्थिति की भी जानकारी ली और जल्द से जल्द आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने मेडिसिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा कर पुराने जिला अस्पताल से पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की शिफ्टिंग शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित शेड निर्माण कर ऑक्सीजन प्लांट शिफ्ट किया जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चार बिल्डिंग के डिस्मेंटल परमिशन, एमपीईबी से पोल शिफ्टिंग एस्टीमेट, टेंपरेरी लाइसेंस इत्यादि कार्रवाई शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में नगर निगम और पशुपालन विभाग को निराश्रित मवेशियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशु मालिकों के विरुद्ध पब्लिक न्यूसेंस का नोटिस जारी किया जाए। उनके विरुद्ध जुर्माने इत्यादि आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में सोयाबीन उपार्जन की तैयारी की भी कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि अभी तक 132 केंद्रों पर 9785 किसानों द्वारा सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन कराया गया हैं। कलेक्टर ने दो दिवस के अंदर उपखंड स्तरीय उपार्जन समितियों को खरीदी केंद्रों का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों को शिकायत के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। सी और डी श्रेणी वाले विभाग प्रतिदिन शिकायतों की निराकरण की प्रगति की रिपोर्ट प्रेषित करें।

# चार दिन अवकाश के बाद सुबह शुरू हुई मंडी में नीलामी

## सोयाबीन तथा अन्य उपज लेकर पहुंचे किसान

**जागरण उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में महाष्टमी से लेकर कल रविवार तक चार दिनों तक कामकाज बंद रहा। त्यौहारों के अवकाश के चलते मंडी में नीलामी नहीं हुई और सोमवार सुबह फिर से कारोबार शुरु हो गया।

उल्लेखनीय है कि आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी 10 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक बंद रही। इसके लिए मंडी प्रशासन ने 9 अक्टूबर को ही अवकाश की सूचना जारी कर दी थी। मंडी सचिव ने बताया कि चार दिनों तक मंडी में नीलामी नहीं हुई। केवल हरी सब्जी मंडी चालू रही। गौरतलब है कि 10 अक्टूबर को महाष्टमी, 11 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तथा 12 अक्टूबर को दशहरा और 13 अक्टूबर को रविवार होने से अनाज मंडी में नीलामी कार्य लगातार चार दिन बंद रहा। इधर चार दिन अवकाश के बाद मंडी में सोमवार से फिर कारोबार शुरु हुआ और नीलामी आरंभ हुई। अवकाश के बाद सोमवार को किसान सुबह लगभग 5 हजार बोरी से अधिक सोयाबीन लेकर पहुंच गए थे। इसके अलावा गेहूं और अन्य उपज भी किसान बेचने आए। इधर रविवार दिनभर हुई बारिश के कारण मंडी प्रांगण में सोमवार सुबह कई जगह पानी भरा हुआ था और कीचड़ भी था। इसके कारण व्यपारियों और किसानों को नीलामी के दौरान परेशानी भी आई। आगामी दिनों में मंडी में सोयाबीन की आवक और बढ़ेगी।

# हमारी संस्कृति शस्त्र शास्त्र के समन्वय की : यादव

**जागरण उज्जैन।** भगवान श्री राम ने कहा है की भय के बिना प्रीति नहीं होती हमारी संस्कृति शस्त्र के साथ शास्त्र के समन्वय की है हम अहिंसा का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्र के शत्रु के विनाश के लिए हम कृत संकल्पित है उक्त विचार समाज सेवी बबलू यादव ने अंकपात मार्ग पर सिहस्थ अखाड़े के खलीफा अन्नु पहलवान गुर्जर द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन के अवसर पर व्यक्त किये, इस अवसर पर आचार्य अखिलेश ने कहा की विजयदशमी का पर्व विजय यात्रा का पर्व है इस अवसर पर शस्त्र पूजन की परंपरा आदिकाल से है कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत शाल एवं श्रीफल से पृथ्वीराज सिंह गुर्जर और श्री चेतन सिंह गुर्जर द्वारा दुपट्टा उड़ाकर किया गया इस अवसर पर भाजपा पार्षद विजय सिंह कुशवाहा, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश अग्रवाल जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री उमेश सिंह ठाकुर के साथ भारत सिंह ठाकुर नरेंद्र सिंह ठाकुर महंत दामोदर जी बैरागी आदि मौजूद रहे।

# इस बार दो दिन रहेगा पुष्य नक्षत्र

### 24 अक्टूबर को सुबह 11.38 बजे से शुरू होगा

### 25 अक्टूबर को दोपहर 12.35 बजे तक रहेगा

**जागरण उज्जैन।** धनतेरस से पहले दो दिन खरीदी का महामुहूर्त मिलेगा। जिसमें लोग पुष्य नक्षत्र की खरीदी 24 तथा 25 अक्टूबर को कर सकेंगे।

पंचांग के अनुसार पुष्य नक्षत्र योग 24 अक्टूबर को सुबह 11.38 बजे से शुरू होगा जो 25अक्टूबर को दोपहर 12.35 बजे तक रहेगा। नक्षत्रों के राजा पुष्य नक्षत्र को खरीदी और शुभ कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन की गई खरीदी स्थायी और विशेष फलदायी मानी जाती है। इस बार भी व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र में जमकर धन बरसेगा।

ज्योतिषाचार्य पं. अजय शंकर व्यास ने बताया कि पुष्य नक्षत्र का स्वामी ग्रह शनि होता है, जबकि देवता गुरु बृहस्पति हैं और राशि कर्क है।

27 नक्षत्रों में आठवां नक्षत्र पुष्य है जिसका अर्थ होता है पोषण करने वाला। गुरु पुष्य योग ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ माना गया है। वार एवं पुष्य नक्षत्र के संयोग से गुरु पुष्य जैसे शुभ योग का निर्माण होता है। दोनों ही धन, समृद्धि और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं इसलिए इन दोनों के संयोग से बनने वाला यह योग बेहद शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र में सोना-चांदी, वाहन सहित अचल संपत्ति की खरीदारी श्रेष्ठ फलदायी होती है।

### इनकी खरीदी विशेष फलदाई

सोना, चांदी, हीरा, प्लेटिनम के आभूषण, चौपहिया एवं दोपहिया वाहन, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप, टेबलेट, माइक्रोवेव, फर्नीचर, वस्त्र, मकान, प्लॉट, फ्लैट, कृषि भूमि, बहीखाते और व्यावसायिक संपत्ति।

# नवरात्रि में गरबे करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया



**जागरण महिदपुर।** नवरात्रि का उत्सव नगर में उत्साह पूर्वक मनाया गया । मां नवदुर्गा सेवा समिति डिपो महिदपुर द्वारा नवरात्रि उत्सव के अंतिम दिन गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजन की संचालिका सरोज पोरवाल द्वारा बताया गया कि विगत 20 वर्षों से मां के पंडाल में गरबे में बालिकाएं भाग लेती हैं। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्यमी सुभाष ठाकुर, प्रजापति ब्रह्मकुमारी केंद्र संचालिका मधु दीदी,अधिवक्ता संजय व्यास थे । आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में दिनेश सारड़ा कमल राठी, सुरेश पोरवाल भी उपस्थित थे। राकेश पोरवाल, मनोज पोरवाल लोकेश सोलंकी, वीरेंद्र कुमरावत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल मल्होत्रा ने तथा आभार रजनी गुलाटी ने व्यक्त किया।

# मावठे की बारिश के बीच मना बासी दशहरा

## रावण दहन के कार्यक्रम हुए अस्त व्यस्त- कहीं समय से पहले पुतला जलाया तो कहीं समय बदलना पड़ा

**जागरण उज्जैन।** विजयादशमी के दूसरे दिन रविवार को दोपहर से लेकर रात तक हुई मावठे की लगभग 2 इंच बारिश ने बासी दशहरे पर होने वाले लगभग आधा दर्जन रावण दहन के कार्यक्रम अस्त व्यस्त कर दिए। एक स्थान पर समय से ढाई घंटे पहले सूने मैदान में रावण का पुतला दहन करना पड़ा, जबकि कुछ स्थानों पर देर रात रावण के पुतले जलाए गए। एक स्थान पर रावण दहन के कार्यक्रम को स्थगित कर मंगलवार शाम रखा गया ।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया और रविवार को बासी दशहरे की शाम शहर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए थे। इधर रविवार सुबह से ही धूप नहीं निकली थी और घने बादल छाए हुए थे। दोपहर 12 बजे के लगभग बिजली की कडक़ और तेज गर्जना के साथ मावठे की बारिश का दौर शुरु हो गया था। वेधशाल अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त के अनुसार रविवार को सुबह और शाम मिलाकर कुल 47 मिमी अर्थात 1.85 इंच मावठे की बारिश रिकार्ड हुई।

बारिश के कारण लोग दशहरे के दूसरे दिन घरों में रहने को मजबूर हो गए और दशहरा मिलन में भी परेशानियां आई। कई लोग परिचितों के यहां भी विजयादशमी की शुभकामनाएं भी देने नहीं जा सके । इधर शहर में बासी दशहरे पर नानाखेड़ा, शास्त्री नगर, अंकपात मार्ग, मक्सी रोड़ स्थित डालडा फैक्ट्री मैदान और सिध्दवट मैदान पर 51 फीट से लेकर 101 फीट तक के रावण के पुतले तैयार किए गए थे। वर्षों से इन स्थानों पर दशहरे के दूसरे दिन रावण दहन होता रहा है। समितियों द्वारा इसकी तैयारी पूरी की गई थी। रविवार शाम 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक उक्त स्थानों पर रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित होने थे, परंतु लगातार मावठे की बारिश के कारण आयोजकों को परेशानी हुई और कार्यक्रम में बदलाव करने पड़े।

इसके तहत शास्त्री नगर मैदान में रविवार रात साढ़े 8 बजे 101 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होना था, परंतु बारिश को देखते हुए आयोजकों ने यहां 2 घंटे पहले ही रावण के पुतले का दहन कर दिया और सोशल मीडिया पर लोगों से मैदान गीला होने के कारण नहीं आने की अपिल की। 30 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ। जब यहां बगैर लोगों की मौजूदगी में खाली मैदान के बीच रावण दहन हुआ। इधर नानाखेड़ा पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को आयोजकों ने बारिश के कारण कल निरस्त कर दिया और समिति ने कल मंगलवार शाम 101 फीट ऊंचे रावण दहन कार्यक्रम करने की घोषणा की। बारिश के कारण कल शाम अंकपात पर भी 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटे बाद किया गया।

इसी तरह मक्सी रोड़ डालडा फैक्ट्री मैदान में 101 फीट ऊंचे रावण के पुतले को बारिश थमने पर रात 10 बजे बाद आतिशबाजी के साथ जलाया गया। सिध्दवट मैदान पर आयोजकों ने 101 फीट ऊंचे रावण के पुतले को कपड़ों से बनवाया था और बारिश को देखते हुए इसे वाटरप्रूफ निर्मित किया गया था। यहां भी बारिश थमने बाद लगभग रात 10 बजे के करीब रावण दहन का कार्यक्रम शुरु हुआ। इधर जालसेवा मैदान पर 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आज शाम दहन किया जाएगा। कुल मिलाकर कल मावठे की दिनभर हुई बारिश ने बासी दशहरे की शाम रावण दहन कार्यक्रमों का मजा किरकिरा कर दिया।

# रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन मंदिर में कैमरा लगवाएंगे समाजसेवी श्री गौतम



**जागरण महिदपुर।** विजया दशमी पर्व के अवसर पर शनिवार को श्री महालक्ष्मी देवीजी मंदिर स्थित मैदान पर श्री महालक्ष्मी देवी धार्मिक सेवा समिति द्वारा रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके पूर्व देवीजी मंदिर से श्रीराम लक्ष्मण, हनुमान, शिव की झांकी के साथ नगर में चल समारोह निकाला गया। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा। चल समारोह के मंदिर प्रांगण पहुंचने पर वहां डॉ. आर.सी. ठाकुर की अध्यक्षता एवं समाजसेवी विजयसिंह गौतम, समाजसेवी एवं उद्योगपति सुभाष ठाकुर, वरिष्ठ अभिभाषक भगवानसिंह पंवार, दिनेश सारड़ा, पहलवान कैलाश जोशी, युवा नेता विजय सारड़ा के आतिथ्य में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रारंभ में समिति की ओर से पं. दीपक कुमार घण्टे, संदीप चौहान, नरेन्द्र पालीवाल, चेतन उपाध्याय आदि ने अतिथियों का माला एवं साफा बांधकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने स्वागत के प्रत्युत्तर में आर.सी. ठाकुर ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत एवं एतिहासिक बातों का उल्लेख किया। समाजसेवी गौतम द्वारा मंदिर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने की बात कही। राम लक्ष्मण का किरदार मोहित एवं हर्ष जादौन, हनुमान जतिन दुबे, शिव प्रथम द्वारा किया गया। रावण के पुतले का निर्माण करने वाले अजय, विजय मालवीय को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, रामचन्द्र नरवरिया, त्रिलोक सोलंकी, जगदीश वर्मा, दिलीप प्रजापत, सतीश जोशी, रामसिंह पटेल आदि उपस्थित थे।

# बुराई पर अच्छाई के प्रतीक रावण के 71 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया



**जागरण तराना।** स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर मालीपुरा प्रांगण से भगवान श्री राम लक्ष्मण हनुमान की वेशभूषा में एक सवारी निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो मालीपुरा बस स्टैंड भेरु महाराज चौराह तेजाजी चौक चूड़ी बाजार हाट बाजार पेट्रोल पंप चौपाटी नयापुरा तालाब की पाल आदि से होते हुए तिलकेश्वर मार्ग दशहरा मैदान प्रांगण मे पहुची जहा विजयदशमी के मौके पर दशहरा मैदान तराना प्रांगण में पंजाबी यंग उमंग ग्रुप सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में समिति के द्वारा बुराई पर अच्छाई के प्रतीक रावण के 71 फीट ऊंचे पुतले का दहन तिलकेश्वर मार्ग स्थित दशहरा मैदान में रात 8 बजे भगवान श्री राम के बाण से रावण का वध किया गया आयोजन समिति के भगवान गेरा ने बताया कि रावण दहन का आयोजन लगभग 50 वर्षो से करते आ रहै है आतिशबाजी के लिए हमने शिवपुरी ,देवास कि पार्टी बुलाई थी जिन्होने बहुत ही शानदार आतिशबाजी की जिसकी सराहना नागरिको ने कि इस मौके पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो से हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे रावण दहन के आयोजन को देखने के लिए पहुचे।

# भाजपा जिला ग्रामीण की सक्रिय सदस्यता कार्यशाला संपन्न



**जागरण उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी उज्जैन जिला ग्रामीण की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रत्यक्ष कार्यशाला लोकशक्ति कार्यालय पर आयोजित की गई।जिसका मुख्य उद्देश्य 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के विषय पर विस्तृत चर्चा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।कार्यशाला के प्रशिक्षक अम्बाराम कराड़ा ने बताया कि संगठन का कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी 100 प्राथमिक सदस्य बनाने से चुके नही चुकी सक्रिय सदस्य की पात्रता उन्ही कार्यकर्ता या पदाधिकारी को रहेगी जिन्होंने स्वंय 100 सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी का प्राथमिक सदस्य बना लिया है।कार्यशाला में जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने अपने व्यक्तव्य में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्राथमिक सदस्यता अभियान के अंतिम दो दिवस में अधिक से अधिक सदस्य बनाने का संकल्प उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिलाया।भाजपा कार्यकर्ता उमंग व उत्साह के साथ बूथ पर जाकर लोगो को पार्टी की सदस्यता दिलाये।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गरीब कल्याण के साथ महिलाओं के हितों के लिये निरन्तर कार्य कर रहे है महिलाओं का भाजपा संगठन पर अटूट विश्वास है इस हेतु महिलाओं को भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण करवाने का कार्य करे।भाजपा के सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी सदस्यता कार्य में जुटे रहे आप सभी कार्यकर्ता अपने बूथ,मंडल और विधानसभा क्षेत्र के सदस्यता लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर इतिहास बनाने का कार्य करे।

इस कार्यशाला में जिला प्रभारी विनोद शर्मा ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि आम लोगो के साथ साथ विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यावसायिक संगठनो के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सदस्यों को भी सदस्य बनाना हैसदस्यता अभियान के प्रथम चरण में जिस अथक परिश्रम और लगन से कार्य किया है द्वितीय चरण के अंत मे भी उसी उत्साह व जोश से कार्य करे।

कार्यशाला में नागदा विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित डाल है संगठन का परिवार कैसे बड़े इसके लिए यह सदस्यता अभियान अति महत्वपूर्ण है।

**दशहरा मिलन समारोह सम्पन्न**

भारतीय जनता पार्टी उज्जैन जिला ग्रमीण का दशहरा मिलन समारोह जिला कार्यालय लोकशक्ति पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु श्री राम जी ने सादगी,नीति,विनम्रता से अहंकार रूपी रावण का वध करके मर्यादा का संदेश दिया और सबको साथ लेकर सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी।

-कार्यशाल के उपरांत भारतीय जन संघ और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.श्री केदार काका पाटीदार खरसोद कला व भाजपायुमो के कार्यकर्ता स्व.श्री अमन व्यास झारड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यशाला में मुख्यरूप से किशोर मेहता,जिला महामंत्री नाहर सिंह पंवार, गणपत डाबी एव जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष महामंत्री वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। ।कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री धर्मेश जयसवाल ने किया एव आभार सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने माना।

# वर्धमान तप ओली का पाया डाला 21 आराधक कर रहे आराधना



**जागरण महिदपुर ।** झारड़ा नगर के इतिहास में पहली बार परम पूज्य अर्चिता श्री जी महाराज साहब, आनंदिता श्रीजी महाराज साहब की शुभ निश्रा एवं पावन प्रेरणा से 21 आराधकों को वर्धमान तप ओली का पाया डालने की तपस्या चल रही है जिसमें बच्चों द्वारा भी तपस्या की जा रही है यह तप अपनी रसनेन्द्रियों को वश में करने के लिए किया जाता है। साथ ही नवपद आराधक भी तपस्या कर रहे हैं ।

इसमें दिन में केवल एक ही बार एक स्थान पर बैठकर सादा उबला भोजन करना होता है। आयम्बिल ओली भोजन में नमक सहित सभी द्रव्यों अर्थात् दूध, दही, घी, तेल, शक्कर आदि सभी का त्याग किया जाता है7 वर्धमान तप इस तपस्या को प्रारम्भ में,बिना रुके, निम्न लिखित तरीके से बीस दिनों तक करके इसकी नींव रखनी पडती है पहले दिन आयम्बिल और फिर एक दिन उपवास, दो दिन आयम्बिल और फिर एक दिन उपवास,तीन दिन तक आयंबिल और एक दिन तक उपवास चार दिन तक आयंबिल और एक दिन तक उपवास, तथा पांच दिन तक आयंबिल और एक दिन तक उपवास यह बीस दिनों का होता है। इस बिंदु पर, इसे तोड़ा जा सकता है, लेकिन जब इसे फिर से शुरू किया जाता है तो आयंबिल का वही क्रमिक क्रम जारी रखना चाहिए (छह दिनों के लिए आयंबिल और एक दिन उपवास, और इसी तरह 100 दिनों तक आयंबिल और एक दिन उपवास। इसके बाद इस प्रक्रिया में विराम हो सकता है या प्रक्रिया को 101 दिनों के लिए आयंबिल और एक दिन उपवास के रूप में जारी रखा जा सकता है या प्रक्रिया को एक से एक सौ आयंबिल तक दोहराया जा सकता है। इस प्रकार, यह तपस्या पूरी की जा सकती है। इसे वर्धमान तप इसलिए कहा गया है क्योंकि यह प्रतिदिन, कदम दर कदम प्रगति की ओर ले जाता है और वर्धमान का अर्थ है विकसित होना या प्रगति करना। शास्त्रों मे चंद्रर्षी केवली और साध्वी कृष्णा के प्रसंग इस तपस्या से जुड़े हुए हैं।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, हुआ पथराव, आठ लोगों पर प्रकरण दर्ज



**जागरण, शिवपुरी।** शहर की महाराणा प्रताप कॉलोनी में सोमवार दोपहर जमकर लाठी-डंडे चले, साथ ही पथराव भी हुआ। इस झगड़े में दोनों पक्ष घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ चार-चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। मामला शहर के कोतवाली क्षेत्र की महाराणा प्रताप कॉलोनी का है।

बताया गया हैं कि दोनों पक्षों के युवकों के बीच बीते रोज किसी शादी समारोह में विवाद हो गया था। इस बात से भड़के एक पक्ष के युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को घर के सामने से रोककर उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी थी। बाद में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे। महाराणा प्रताप कॉलोनी के रहने वाले 26 साल के मोहम्मद आदिल हुसैन पुत्र अकरम हुसैन ने बताया कि रविवार की रात एक शादी समारोह में उसका विवाद महाराणा प्रताप कालोनी के रहने फैजल खान और अरवाज खान से हो गया था। सोमवार सुबह उसका भाई अब्बास हुसैन बाजार से घर की ओर लौट रहा था। तभी उसे फैजल खान, अरवाज खान, बसीम खान और फिरोज खान ने घेर कर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया था। उसे बचाने वह और उसके परिजन बचाने पहुंचे थे। यहां उनके साथ भी मारपीट कर दी गई। बता दें कि झगड़े के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे थे। यहां पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई थी। कोतवाली में पदस्थ एसआई सुमित शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के चार-चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## आबकारी टीम की 5 छापामार कार्रवाईयां तीन प्रकरण किए पंजीबद्ध



**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में सतत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के तहत कुल 78 पाव देशी मदिरा एवं 42 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 800 कि.ग्रा. लहॉन जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 5 छापामार कार्यवाहियों में कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को वृत्त शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत वृत्त प्रभारी राहुल गुप्ता द्वारा ग्राम पिपरसमां मण्डी रोड के पास, सेंट चार्ल्स स्कूल के सामने, मनियर में दबिश दी गई। जिसमें 78 पाव देशी मदिरा एवं 42 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 800 कि.ग्रा. लहॉन मौके पर नष्ट की गई। जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 5 छापामार कार्यवाहियों में कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

## दुष्कर्म को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसियों से नहीं मिले जिले के भाजपा विधायक



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश में बच्चियों के साथ हो रहे दुष्कर्म के मुद्दे पर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में सभी विधायक को ज्ञापन सौंप रही है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिवपुरी जिले की पांचों विधानसभाओं के विधायकों से मिलने पहुंचे, लेकिन कोलारस, पिछोर, करैरा और शिवपुरी विधायक ज्ञापन लेने मौजूद नहीं रहे। वहीं पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने ज्ञापन लिया और विधानसभा में मुद्दा उठाने की बात कही।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि वे सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देने शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन के घर पहुंचे। जैन से पहले से ही मिलने का समय लिया गया था, लेकिन विधायक घर पर मौजूद नहीं मिले। जब वे काफी देर तक नहीं आए तो सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि कपिल भार्गव को ज्ञापन सौंपा गया।

इसी क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने कोलारस भाजपा विधायक महेंद्र यादव से भी ज्ञापन सौंपने के लिए समय लिया था। लेकिन कोलारस विधायक भी रेस्ट हाउस पर नहीं मिले। इसके चलते कांग्रेसियों ने रेस्ट हाउस में ज्ञापन चस्पा कर दिया। इसके अलावा कांग्रेसी करैरा विधायक रमेश खटीक और पिछोर विधायक प्रीतम लोधी को ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन दोनों ही विधायक उन्हें नहीं मिले।

## न्यूज कार्नर

### कार अनियंत्रित होकर खेत में गिरी, पार्षद पति की मौत

**जागरण, शिवपुरी।** नरवर थाना क्षेत्र के जुझाई तिराहा के पास रविवार रात सड़क हादसे में पार्षद पति की मौत हो गई। वहीं कार चालाक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार बल्लेराम उर्फ बंटी कोड़े उम्र 45 वर्ष रविवार रात कार से जा रहा था। वहीं करुण प्रताप सोलंकी वाहन चला रहे थे। इसी दौरान रात 11 बजे कार जुझाई तिराहा पर अनियंत्रित हो गई और पलट कर खेत में गिर गई। मौके पर पहुंचने परिजनों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने बंटी कोड़े को मृत घोषित कर दिया। वहीं वाहन चालक करुण को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक बल्लेराम उर्फ बंटी कोड़े नरवर नगर परिषद के वार्ड 14 से पार्षद चंचल कोड़े का पति है। वे रविवार रात कार से रिश्तेदारों को लेने जा रहा था। नरवर थाना प्रभारी केदार सिंह यादव ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### बंदर के बच्चे को ड्राइवर ने रस्सी से बांधा, मामला दर्ज

**शिवपुरी।** पोहरी कस्बे से पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां एक मिनी ट्रक में बंदर के बच्चे को देखा गया था। ड्राइवर ने बंदर के बच्चे को रस्सी से बांधा हुआ था। सूचना लगते ही पोहरी कस्बे के युवाओं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर बंदर के बच्चे को आजाद कराया। इसके साथ ही वन अमले को घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार रविवार रात ड्राइवर पोहरी में सामान छोड़ने आया था। इसी दौरान वहां मौजूद धर्मेंद्र शर्मा ने ट्रक के केबिन में रस्सी से बंधा एक बंदर का बच्चा देखा। उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचित किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मिनी ट्रक को घेर लिया और रस्सी से बंधे बंदर के बच्चे को आजाद कराया। पिछोर के रहने वाले मिनी ट्रक के ड्राइवर बाबू खान ने बताया कि उसने बंदर के बच्चे को शिवपुरी के बांकड़े बाबा मंदिर की घाटी से उठाया था। उसका उद्देश्य उसे पालने का था। वन विभाग ने बाबू खान के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री दुबे ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी पात्र नागरिकों तक इसका लाभ पहुंचे, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। बैठक में कृषि, शिक्षा, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 1265.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रायसेन।** जिले में 01 जून 2024 से 14 अक्टूबर 2024 तक 1265.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है । जिले की सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। 1 जून से 14 अक्टूबर तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1206.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1199.3, बेगमगंज में 1287, सिलवानी में 1131.6, गौहरगंज में 938, बरेली में 1710.2, उदयपुरा में 1566.1, बाड़ी में 1293, सुल्तानपुर में 1211.7 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1113.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 14 अक्टूबर 2024 को प्रातः 08 बजे तक 14.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 3.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 21.2 बेगमगंज में 1.1, सिलवानी में 3.8, गौहरगंज में 3.4, बरेली में 10.6, उदयपुरा में 09, बाड़ी में 18.5, सुल्तानपुर में 64.2 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 5.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## बैराड़ में डेढ़ करोड़ से अधिक की शासकीय भूमि को कराया अवैध अतिक्रमण से मुक्त



**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में सोमवार को तहसील बैराड़ अंतर्गत आने वाले ग्राम कालामढ़ एवं बैराड़ में तहसीलदार बैराड़ सहित अन्य प्रशासनिक अमले द्वारा शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस भूमि का क्षेत्रफल लगभग 8.00 हैक्टेयर और कीमत लगभग एक करोड 70 लाख रुपये है।

पोहरी एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने बताया कि ग्राम कालामढ तहसील बैराड के शासकीय सर्वे नं. 898/3/3 भूमि पर अवैध अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही की गई। यह भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की गई है। जिसमें लगभग 3.00 हैक्टेयर शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 01 करोड़ 28 लाख रुपये है। इसी कम में ग्राम बैराड़ के शासकीय सर्वे नं0 2811 जो चारागाह (नजूल) में लगभग 5.00 है. शासकीय भूमि दर्ज है। इस भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 62 लाख 50 हजार रुपये है। उक्त दोनों ग्रामों का लगभग 8.00 है. कुल क्षेत्रफल एवं कुल कीमत लगभग एक करोड 70 लाख रुपये की शासकीय भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा बाउण्ड्रीवाल कर अतिक्रमण किया हुआ था, जिसे मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाही तहसीलदार बैराड़ दृगपाल सिंह बैस, नगर परिषद बैराड़, मंडी सचिव रामकुमार शर्मा, पुलिस बल थाना बैराड़, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम कोटवार के सहयोग से की गई।

## त्यौहारों के चलते यातायात पुलिस एवं नपा ने किया बाजारों का संयुक्त भ्रमण




**जागरण, शिवपुरी।** दीपावली के त्योहार पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़भाड़ व जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष योजना तैयार की है। जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिस के साथ-साथ दुकानदारों का भी सहयोग लिया जाएगा, ताकि बाजार में जाम न लगे। नियमों की उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे जाएंगे। बड़े व भारी भरकम वाहनों को बाजारों में नहीं घुसने दिया जाएगा। यातायात पुलिस एवं नगर पालिका की टीम ने सोमवार से जाम से निपटने के लिए काम शुरू करते हुए संयुक्त रूप से बाजारों का भ्रमण किया।

यातायात थाना प्रभारी धनंजय शर्मा ने बताया कि आगामी त्यौहार के मद्देनजर रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित बनाने हेतु आज नगर पालिका के साथ शहर के मुख्य बाजार कोर्ट रोड, टेकरी, प्रगति बाजार, सराफा बाजार का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान व्यापारी वर्ग एवं आमजन द्वारा सुझाव दिए कि त्यौहार पर टेकरी एवं प्रगति बाजार में दो पहिया वाहनों के आने से जाम की स्थिति निर्मित होती आगामी त्यौहार पर सराफा एवं प्रगति बाजार में दो पहिया वाहन प्रतिबंधित किए जाए जिससे बाजार में जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। त्यौहारी सीजन में यातायात पुलिस द्वारा टेकरी बाजार, न्यू ब्लॉक, गाँधी चौक पर यातायात के 1-1 पाइन्ट लगाए जाएंगे जो टेकरी बाजार, न्यू ब्लॉक एवं गाँधी चौक की से प्रगति बाजार एवं सराफा बाजार की तरफ दो पहिया वाहनों को नियंत्रित करेंगे। व्यापारी वर्ग द्वारा बताया गया कि टेकरी मार्ग पर काफी भीड़भाड़ रहती है, वाहन काफी तेज गति से चलते से वाहनों की गति नियंत्रण कि लिए स्पीड ब्रेकर लगाने की आवश्यकता है। व्यापारी वर्ग की माँग पर टेकरी मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगवाए जाएंगे। भ्रमण के दौरान गर्ल्स स्कूल के पास नगर पालिका द्वारा लगाये गये बैरिकेड को हटाकर वहाँ पर पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर पत्र लेख किया गया है। उक्त स्थान पर पार्किंग स्थान बनने से टेकरी बाजार में जाने वाले वाहन पार्किंग कर सकेंगे। भ्रमण के दौरान दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान न रखने एवं अपनी दुकानों के सामने ठेले न लगवाने के संबंध में समझाईश दी गई। यातायात प्रभारी श्री शर्मा ने आमजन से अपील की है कि त्यौहार के समय ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें जिससे बाजार में अनावश्यक वाहनों की भीड़ नहीं लगे।

### बरेली के चार गांव हाई स्कूल का मामला, घटना से आहत छात्रा की बिगड़ी तबियत

# स्कूल में प्राचार्य ने 9वीं की छात्रा से की छेड़छाड़, ग्रामीणों ने बंधक बनाकर पीटा



**जागरण, रायसेन/बरेली**

स्कूलों में छात्राओं के साथ आए दिन हो रहीं छेड़छाड़ की घटनाओं से अभिभावकों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। स्कूलों में शिक्षक ही जब ऐसी हरकतों को अंजाम दें तो शिक्षा के मंदिर में बेटियां कितनी सुरक्षित हैं, अंदाजा लगाया जा सकता है। ताजा मामला बरेली से सामने आया है, जहां स्कूल प्रिंसिपल ने कक्षा 9वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है। ग्रामीणों को जब इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने प्रिंसीपल को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की।

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला यह पूरा मामला बरेली के चार गांव हाईस्कूल का है। यहां के प्रिंसीपल रामसेवक द्विवेदी ने कक्षा 9 वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। प्रिंसीपल की इस हरकत से आहत होकर छात्रा बेहोश हो गई। तबियत बिगड़ने के बाद छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी छात्रा ने अपनी सहेलियों को दी थी, जब बात गांव में पहुंची तो आक्रोषित ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और प्रिंसीपल रामसेवक द्विवेदी को बंधक बनाकर उसके साथ जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी प्रिंसीपल रामसेवक द्विवेदी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर चुका है। चार माह पूर्व ही उक्त प्रिंसीपल का तबादला चारगांव स्कूल में हुआ था।

### ग्रामीणों ने किया प्रिंसीपल का मुंह काला करने का प्रयास

गुस्साए ग्रामीण स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रिंसीपल को पहले बंधक बनाया और फिर उसकी पिटाई लगा दी। कुछ लोगों ने जला हुआ ऑयल प्रिंसीपल के ऊपर फेंककर उसका मुंह काला करने का भी प्रयास किया। सूचना मिलने पर बाड़ी और बरेली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रिंसीपल को हिरासत में लेकर थाने ले आई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी प्रिंसीपल रामसेवक द्विवेदी के विरुद्ध पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर आक्रोषित ग्रामीणों ने प्रिंसीपल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला 15 अक्टूबर को

**रायसेन।** भाजपा के प्रांत व्यापी आह्वान पर 15 अक्टूबर मंगलवार को शाम 4 बजे भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में सक्रिय सदस्यता प्रत्यक्ष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी हरीबाबू साहू ने बताया कि यह कार्यशाला संगठनात्मक मजबूती के लिए अहम मानी जा रही है, जिसमें जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। कार्यशाला में शामिल होने वाले प्रमुख नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, संगठन जिला प्रभारी सुधीर अग्रवाल तथा समस्त मंडल अध्यक्ष गण, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति, मंडल स्तरीय सक्रिय सदस्यता सहयोगी मौजूद रहेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा और संगठन की आगामी योजनाओं पर मंथन करना है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी इसमें शामिल होकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में विचार-विमर्श करेंगे।

### बेमौसम बारिश फेर रही किसानों के अरमानों पर पानी, किसान चिंतित



**गैरतगंज।** नगर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक पखवाड़े से बारिश का कहीं मध्यम कहीं तेज जोर बना हुआ है। जिसके चलते किसानों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। बारिश का सिलसिला दुर्गा उत्सव के दौरान से दुर्गा विसर्जन तक बना हुआ है, जिससे किसान काफी चिंतित दिखाई दे रहा है। किसान की खरीफकी फसल सोयाबीन, तिली व धान जैसी फसलों के चौपट होने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। हालांकि इस वर्ष जिन किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन की फसल लगाई थी उसकी अच्छी पैदावार होने की किसानों को आस बन्धी हुई थी परन्तु बेमौसम बारिश ने किसानों के अरमानो पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। क्षेत्र भर मे अधिकांश किसानो की सोयाबीन फसल पक कर खेतों में तैयार खड़ी हुई है। कही-कहीं सोयाबीन की फसल खेतों में कटी पड़ी हुई है जो पानी से खराब हो जायेगी। बारिश का दोर जारी रहने से न तो हार्वेस्टर खेतों में प्रवेश कर पा रहे हैं ओर न ही मजदूर कटाई कर पा रहे हैं। खडी एवं कटी फसल के अंकुरित होने की पूरी-पूरी संभावना जताई जा रही है ।

### धूमधाम से मनाया विजयादशमी पर्व



**रायसेन।** जय भोले जन कल्याण सेवा समिति द्वारा माता मंदिर चौराहा सांची रोड पर विजयादशमी पर्व विगत कई वर्षो से बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता आ रहा है। इस वर्ष भी समिति द्वारा विजयादशमी चल समारोह में सम्मिलित माता रानी की झांकियां एवं उनके अध्यक्षों का पुष्पमाला श्रीफल और माता रानी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। जिसमें लगभग सैकड़ो की संख्या में झांकियां सम्मिलित हुई। वहीं समिति द्वारा सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं और उनके प्रमुखों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, सचिव मनोज कुशवाह, विशाल गुप्ता, हेमंत शाक्या, हरिनारायण अहिरवार, भगवान सिंह मीणा, दिनेश बडोनिया, कमलेश मोरलिया, सतीश अग्रवाल, बलराम यादव, गौरीशंकर राय, जगन्नाथ लोधी, सुधीर जैन, नितिन माहेश्वरी, अप्पू शर्मा, मुकेश पाण्डेया, बृजेश राय, मुकेश कुशवाह, बारेलाल सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण को संरक्षित करने बेगमगंज में दोना-पत्तल बैंक का शुभारंभ



**रायसेन।** स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में एसडीएम बेगमगंज सौरभ मिश्रा ने सराहनीय कदम उठाया है। शहर को पॉलिथीन मुक्त करने के उद्देश्य से दोना पत्तल बैंक का शुभारंभ किया गया है। बेगमगंज शहर को डिस्पोजल मुक्त करने के लिए दोना पत्तल बैंक चालू कराई गई है। इस बैंक को खोलने का मुख्य उद्देश्य शहर में डिस्पोजल का चलन को धीरे-धीरे बंद करना है। शादी में बर्थडे में लोग डिस्पोजल की वजाए दोना पत्तल का उपयोग करेंगे इसलिए तहसील परिसर में एक कक्ष में दोना पत्तल बैंक खोली गई है। इसमें लोगों को रियायती दर पर दोना पत्तल उपलब्ध कराए जाएंगे। इस बैंक के जरिए लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। दोना पत्तल बैंक आम लोगों के लिए चालू कर दी गई है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए दोना पत्तल यूज करने के बाद स्वतही नष्ट हो जाते हैं और खाद बनाकर जमीन को उपजाऊ बनाते हैं।

**आयोजन** | स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं सांची विधायक ने सरपंच-सचिव को बांटे प्रमाण-पत्र

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को मिला अवार्ड




**जागरण, रायसेन**

वन परिसर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत अभियान अंतर्गत आयोजित जिले की टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को अवार्ड वितरण समारोह का लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल तथा विधायक डॉ चौधरी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2023 में रायसेन जिले की कुल 107 चयनित टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा सचिवों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, इसका समय पर पता चल जाए और पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है। टीबी रोग को समाप्त करने के लिए सभी देशों ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। हमें रायसेन जिले को भी टीबी मुक्त बनाना है, इसके लिए सभी को मिलकर प्रत्येक स्तर पर प्रयास करने होंगे। टीबी को जड़ से समाप्त करने की दिशा में बेहतर प्रयास हो रहे हैं जिन्हें और आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि टीबी को हराने के लिए सभी का समन्वित प्रयास जरूरी है। टीबी के प्रति जनजागरूकता लाना आवश्यक है। टीबी किन कारणों से होता है, टीबी के लक्षण क्या है तथा उसका बचाव और उपचार की जानकारी सभी को होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज प्रभावी और सुलभ है तथा इस बीमारी का उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। कलेक्टर अरविंद दुबे ने बताया कि जिले में वर्ष 2023 हेतु कुल 107 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री द्वारा जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान तथा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो, जिले में टीबी रोगियों की संख्या तथा उनके उपचार आदि के बारे में बताया गया।

### रायसेन के चार खिलाड़ियों का चयन



**रायसेन।** शालेय राज्य स्तरीय अंडर 14 बालक क्रिकेट टीम में रायसेन के 4 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 14 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय अंडर 14 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। भोपाल संभाग की टीम आज रवाना हुई। चयनित खिलाड़ियों में इब्राहिम, इलयासी, नितांत सराठे, तन्मय माहेश्वरी, गौरीशंक राठोर शामिल हैं।

## दो आवेदकों को राजस्व विभाग में मिली अनुकंपा नियुक्ति

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा दो आवेदकों को राजस्व विभाग अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कलेक्टर द्वारा आवेदक मुकेश कुमार मोगिया पुत्र स्व. मदनलाल मोगिया निवासी कटरा मोहल्ला कबीरपुरा, वार्ड क्रमांक-01 राधौगढ, जिला गुना तथा आवेदिका प्रीति सोनी पत्नि स्व. धर्मेन्द्र सोनी निवासी प्रधान डाकघर के सामने, कर्नेलगंज वार्ड क्रमांक-03 गुना, जिला गुना को राजस्व विभाग अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया।

## आईटीआई में एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेला में 28 का प्रारंभिक चयन

**गुना।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नवीन रायकवार ने बताया कि मेले में युवाशक्ति फाउंडेशन, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन एवं यशस्वी अकादमी फॉर स्किल्स कंपनी द्वारा आयोजन के दिन कुल 74 आवेदक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए।

## न्यूज कॉर्नर

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में 15 अक्टूबर को सांय 4 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

### पीजी कॉलेज में 3 दिवसीय युवा उत्सव 22 से शुरू

**गुना।** प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 22 अक्टूबर से तीन दिवसीय युवा उत्सव 2024 का शुभारंभ होगा। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर 22 विधाओं में प्रतियोगिता होगी। इस दौरान सांस्कृतिक, साहित्यिक, सांगीतिक, रूपांकन विद्याओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता कस्तूरबा महाविद्यालय गुना में होगी। जिला स्तर पर चयन होने के पश्चात प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्तर एवं राज्यस्तर पर होगी। कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए छात्र डॉ रिचा जैन सहायक प्राध्यापक गणित विभाग में सम्पर्क करे।

### मेंटेनेंसः आज रहेगी इन क्षेत्रों में बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) विद्युत वितरण कंपनी लिमि. गुना ने बताया कि 11 केव्ही बूढ़े बालाजी सब-स्टेशन से 11 केव्ही चांदशाहबली फीडर पर ट्रांसफार्मर स्थापित करने के चलते 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पवन कालोनी, टेकरी रोड, हरिपुर रोड, सकतपुर रोड, बूढ़े बालाजी, पुरानी छावनी, हाउसिंग बोर्ड, सकतपुर पठार आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक और एक्टिवा चोरी

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत द्वारकाधीश टाउनशिप बायपास रोड पर घर के बाहर खड़ी मोटर सायकिल एवं एक्टिवा को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अंकित पाराशर पुत्र बृम्हानन्द पाराशर ने बताया कि गत रात करीब 11:30 बजे उसने अपनी होण्डा साईन मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 08 एमएन 2820 को अपने घर के बाहर खड़ी कर घर में जाकर सो गया था। सुबह करीब 7 बजे उठकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल व एक्टिवा स्कूटर गायब थी। जिन्हें आसपास काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। रात्रि में कोई अज्ञात चोर मेरी मोटर साईकिल व एक्टिवा स्कूटर को चोरी कर ले गए हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर पर प्रकरण दर्ज किया है।

### पुलिस ने जिलाबदर का आरोपी दबोचा

गुना। जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर अपराध घटित करने वाले आरोपी को जामनेर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून 24 को फरियादी मनोज रजक निवासी जामनेर द्वारा जिले के जामनेर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि जामनेर निवासी विनोद पुत्र भगवान सिंह मीना द्वारा उसके घर के बाहर आकर उसे अश्लील गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जिस पर से आरोपी विनोद मीना के विरुद्ध थाने में अप. क्र. 197/24 धारा 294, 506 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था।

# 20 हजार में 2 लाख रुपए के नोट छापकर देने का झांसा

## पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने खंगाले सीसीटीव्ही कैमरे, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, गुना।** शहर की कैंट थाना पुलिस द्वारा 20 हजार में 2 लाख रुपये के नोट बनाकर देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सलमान पुत्र मकबूल खान निवासी रशीद कालोनी द्वारा कैंट थाना पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 11 अक्टूबर 24 को नानाखेडी मंडी गेट के पास उसे 02 लोग मिले। जिन्होंने अपने नाम सलीम शाह व शाकिर शाह बताए जो उससे बोले की वह पैसा छापने का काम करते हैं। अगर तुम्हें पैसों की जरुरत हो तो वह उसे 10 हजार रुपयों के बदले में 01 लाख रुपये छापकर दे सकते हैं और फिर उन्होंने उसे अपना मोबाइल नंबर देकर कहा कि अगर तुम्हें पैसों की जरुरत हो तो विचार




कर अगले दिन सुबह यहीं पर मिल जाना। अगले दिन 12 अक्टूबर को सुबह मंडीगेट पर उन लोगों के मिलने पर उसने उन्हें 20 हजार रुपये दिए और 2 लाख रुपये छापकर देने की बात हुई। इसके बाद वह लोग उसे नानाखेडी वृद्ध आश्रम के पास एक खंडहर में ले गए और जहां पर उन्होंने एक बर्तन में पानी लेकर उसमें कुछ केमिकल और नोटों के आकार के सफेद कागज के टुकडे डाल दिए। कुछ समय बाद उन्होंने उससे बोला कि अभी नोट नहीं छप पा रहे हैं कुछ देर बाद छापकर दे देंगे। तब उसने अपने रुपये उनसे वापस मांगे तो वह लोग पैसे लेकर वहां से भाग गए। जिस पर से आरोपीगण सलीम शाह एवं शाकिर शाह के विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 956/24 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। धोखाधडी के उपरोक्त घटनाक्रम को गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा गंभीरता से लेकर इस तरह से धोखाधडी करने वाले आरोपियों की जल्द से जल्द तलाश कर उनकी गैंग का पर्दाफास करने के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार प्रभारी सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव अपनी टीम के साथ प्रकरण के आरोपियों की तलाश में सक्रियता से जुट गए एवं इस हेतु घटना स्थल व आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। साथ ही उनके मोबाइल नंबर से उन्हें ट्रेस किया गया। जिसके परिणाम स्वरुप गत सोमवार को ही प्रकरण के आरोपीगण सलीम शाह पुत्र चांद शाह निवासी चिमनगंज, उज्जैन एवं शाकिर शाह पुत्र सरदार शाह निवासी उन्हेल, उज्जैन को गुना बसस्टेंड से दबोच लिया गया। जिन्होंने पूछताछ पर अपने एक और साथी महेन्द्र प्रजापति के साथ मिलकर युवक से धोखाधडी पूर्वक रुपये लेकर भागना बताया। इसके बाद पुलिस द्वारा उनके तीसरे साथी महेन्द्र पुत्र कन्छेदीलाल प्रजापति निवासी मुंगावली, जिला अशोकनगर हाल मरीमाता, को भी आरोपियों की निशानदेही से पकड़ा। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से मशरुका बरामद कर लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, ईश्वर टोप्पो, माखन चौधरी, अर्जुन यादव, रामनिवास शर्मा एवं विनोद धाकड की भूमिका रही है।

## बाइक के सामने आया कुत्ता, दो लोग घायल

**जागरण, गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल के सामने अचानक कुत्ते के आ जाने से दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें डायल-100 के जवानों ने प्राथमिकता से अस्पताल पहुँचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरनावदा क्षेत्र के भौंरा गाँव के पास एक मोटर साईकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दरअसल मोटर सायकिल के सामने अचानक कुत्ते के आ जाने से बाईक पर सवार मोटर भानू पिता भागीरथ मोंगिया निवासी नयागांव एवं गजानंद पिता राम सिंह निवासी नया गांव मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गये थे। इसकी सूचना लोगों ने डायल-100 को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल-100 के आरक्षक धर्मेंद्र धाकड़, पायलेट ओम प्रकाश मीणा ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया।

# रसीद कॉलोनी में आधा दर्जन परिवारों के साथ जमकर मारपीट, मचाया उत्पात, तोड़फोड़ की

## पुलिस ने घायलों के बयान लेकर आरोपियों पर किया मामला दर्ज



जागरण, गुना। शहर के कैंट थानांतर्गत रसीद कॉलोनी में आधा दर्जन परिवार के साथ कई लोगों ने घरों में घुसकर जमकर मारपीट और तोडफ़ोड़ की। पूरा मामला विगत दिवस एक झांकी के कार्यकर्ता के साथ मारपीट के बाद फैले आक्रोष को लेकर बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नसीर खान पिता इमाम खान ने अपने परिवार के जुनेद खान, मुस्कान खान, समीम बानो, नगीना बानो, शन्नो बानो के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात 10 बजे वह निजी होटल से शादी से लौटकर अपनी एक्टिवा क्रमांक क्रमांक एमपी 08-5300 से घर आए थे। जैसे ही वह घर के दरवाजे पर पहुंचे तभी गौरव शर्मा, सौरभ वाल्मीक, राजा वाल्मीक आदि आए और गाड़ी में धक्का देकर उन्हें नीचे गिरा दिया। इस दौरान तीनों ने गाली गलौंच कर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं एक्टिवा में भी तोडफ़ोड़ की। चीखपुकार सुनकर पड़ोसी मुन्ना खान, जुनेद खान, मुस्कान खान, समीम बानो, नगीना बानो, शन्नो बानो आ गये और बीच बचाव करने लगे। इस दौरान आरोपियों के बुलावे पर अनुराग सोलंकी, नब्बू जाट भी आ गए और उन्होंने भी जमकर उत्पात मचाया। मारपीट में जुनेद खान, महिलाएं समीम बानो, नगीना बानो, शन्ना बानो को श्रसर चोटें आई। इस दौरान आरोपियों ने खेरुनिशा की दुकान में तोडफ़ोड़ कर पूरा सामान बिखरा दिया। वहीं पड़ोसी मुन्ना खां के दरवाजा में तोडफ़ोड़ की। समीम बानो के दरवाजा एव हाथ ठेला की तोडफ़ोड़ की। जबकि मुस्कान खान के दरवाजा एवं बाखर मे रखा फ्रिज की तोडफ़ोड़ कर काफी नुकसान कर दिया। इन लोगों ने आगे जाकर शमशाद खान के दरवाजे एव बिजली के मीटर की तोडफ़ोड़ कर कच्चे मकान के कबेलूओं की तोड़ा। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट, तोडफ़ोड़ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### झांकी पर हुआ था विवाद

पूरा विवाद विगत दिनों झांकी में एक कार्यकर्ता के साथ हुई मारपीट के बाद बढ़ा। इस मामले में भी पुलिस ने दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आदर्श पुत्र मुकेश कुमार रजक ने अपने माता-पिता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात झांकी पर उसका अयान खान व माजिद खान से विवाद हो गया था। गत शाम जब वह फिल्म देख कर घर आ रहा था कि उसके घर के पास अयान तथा माजिद मिले, जिन्होंने उसके साथ गाली गलौंच कर डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया।

### आमखेड़ा में मुर्गा पार्टी में नहीं बुलाने पर मारपीट

इधर आरोन थानांतर्गत आमखेड़ा झितिया में मुर्गा पार्टी में नहीं बुलाने को लेकर एक व्यक्ति के साथ गांव के ही एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामसिंह अहिरवार पुत्र कन्हैयाराम अहिरवार ने अपने छोटे भाई संजीव के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय उसके गांव का गंगाराम अहिरवार आया और उससे बोला कि तूने मुर्गा बनाया था।

मुर्गा मुझे नहीं खिलाया। जिस पर उसने उससे बोला कि मुर्गा छोटा था, इसलिए मैंनं तुझे खाने के लिये नहीं बुलाया। इसी बात के ऊपर से गंगाराम ने गाली गलौंच कर छुरी से हमला कर दिया। वहीं दांतों से भी काट लिया। जिसमें वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इधर आरोन थानांतर्गत ही ग्राम शहरोक में बच्चे के दस्टोन कार्यक्रम में चल रहे नाच गाने में विवाद हो गया। जिसमें महिलाओं सहित परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदारों से मारपीट कर दी। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश पर बरतस गांव में दो पक्षों में चले फर्से-लुहांगी

## आधा दर्जन लोग घायल, थाने में क्रॉस प्रकरण दर्ज

**जागरण, गुना।** जिले के जामनेर थानांतर्गत ग्राम बरसत में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी छतर सिंह पुत्र हरिसिंह कुशवाह ने अपने भाई अनिल कुशवाह, सोनू कुशवाह व भानेज गुलाव कुशवाह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी राजू कुशवाह से पुरानी रंजिश चल रही है। उसी बात पर गत रात 8 बजे वीर महाराज मंदिर के सामने उसे दिलीप कुशवाह, हेमन्त कुशवाह, व राजू कुशवाह मिले और पुरानी रंजिश पर से इन्होंने गाली गलौंच कर लुहांगी से मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। इस दौरान बीच बचाव करने आए उनके भाई अनिल कुशवाह, सोनू कुशवाह और भानेज गुलाव कुशवाह पर भी अरोपियों ने फर्सी से हमला कर दिया। जिसमें उन्हें खून निकल आया और घायल हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

इधर विवाद में दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के फरियादी दिलीप कुशवाह पुत्र राजू कुशवाह ने अपने पिता राजू कुशवाह व माँ रामकली बाई के साथ घायल अवस्था में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी छतर सिहं कुशवाह से एक वर्ष पुर्व से पुरानी रंजिश चल रही है। गत रात वह अपने खेत से घर आ रहा था। जैसे ही वह वीर महाराज मंदिर के सामने पहुंचा तो उसे सोनू कुशवाह, छतर सिंह कुशवाह, गुलाव सिंह कुशवाह, अनिल कुशवाह मिले और मुझे पुरानी रंजिश पर से गाली गलौंच कर फर्सी, लुहांगी से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। उसे बचाने उसके पिता और मां आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी धारदार हथियारों से मारपीट की। जिसमें वह भी घायल हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है।

## सीने में दर्द के बाद युवक की संदिग्ध मौत

**गुना।** शहर के कैंट थाना अंतर्गत खेजरा में रहने वाले एक युवक की सीने में तेज दर्द के बाद संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। हालांकि प्रथम दृष्टया हार्ट अटेक से मौत का बताया जाता है। युवक को बीती रात बेहोशी की अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# चबूतरे को लेकर विवाद दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस प्रकरण दर्ज

**जागरण, गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत गांव के चबूतरे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से जमकर मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी धर्मेन्द्र अहिरवार पुत्र कमरलाल अहिरवार निवासी सांवरिया गार्डन के पास सुठालिया रोड मधुसूदनगढ़ ने अपनी मां सावित्रीबाई के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात वह अपने कुआ पर से घर जा रहा था। तभी पड़ोसी हरिसिंह के घर के आंगे पहुंचा तो हरिसिंह अहिरवार, उसका छोटा भाई करनसिंह अहिरवार मिले और कहने लगे कि तू सामाजिक चबूतरे के रास्ते के संबंध में अपने ताऊ गोपालसिंह को क्यों नही समझाता। जिस पर उसने कहा कि मैं क्यों समझाऊं। इसी बात पर से दोनों ने उसके साथ गाली गलौंच कर जमीन पर पटककर मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। बीच बचाव करने आए उसके माता-पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

इधर विवाद में दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के फरियादी हरिसिंह पुत्र धूरेलाल अहिरवार ने अपने छोटे भाई करनसिंह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीब 8.30 बजे वह अपने घर के आगे बैठा था। तभी घर के सामने रहने वाला धर्मेन्द्र ऊर्फ धारू अहिरवार व उसका पिता कमरलाल अहिरवार पुराने सामाजिक चबूतरे के विवाद को लेकर आए और गाली गलौंच करने लगे। इस दौरान उसने तथा उसके छोटा भाई करनसिंह एवं दोनों लडक़े खचोरीलाल एवं राजू ने उन्हें समझाया तो गाली गलौंच कर उसने मारपीट कर दी। फिलहाल विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

## शरद पूर्णिमा पर मानस भवन में आयोजन कल

**गुना।** मानस भवन निर्माण एवं संचालन समिति, गुना द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को शरद पूर्णिमा के शुभ दिवस पर मानस भवन गुना में शरदोत्सव 2024 आयोजन किया जा रहा है।समिति के मंत्री सुनील अग्रवाल ने जानकारी दी कि हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं परम्पराओं को हम उत्सव के रूप में मना सके व आने वाली पीढी भी इन पम्परागत त्योहारों से अवगत हो सके, इस हेतु धार्मिक संस्कृति आधारित अन्तर्विधालियन एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता इस अवसर पर आयोजित की गई है। नृत्य की प्रस्तुति के साथ साथ आयोजन मै रोचकता प्रदान की जाकर, गुना के भजन गायकों द्वारा संकीर्तन एवं महारास की प्रस्तुति होगी। समिति के उपाध्यक्ष निकलंक जैन, सह मंत्री दिनेश चंद्र शर्मा, धार्मिक उत्सव उपसमिति के संयोजक कोषाध्यक्ष प्रदीप तायल व कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य श्री अनिल भार्गव, अतुल अग्रवाल व मदन सोनी ने नागरिकों से अपील की है कि समारोह में शरदोत्सव का आनंद लेकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# कर्मचारी कार्यालय में सुबह 10 बजे तक उपस्थित हों: कलेक्टर



**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया गया कि कार्यालय खुलने का समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक है। सभी अधीनस्थ कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें एवं कार्यालय समय समाप्त होने पर ही कार्यालय से प्रस्थान करें, अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। मुख्य सचिव द्वारा व्हीसी के माध्यम से सभी कमिश्नर एवं कलेक्टर्स को विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उसके अनुरूप सभी विभाग प्रमुख कार्य करना सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए सभी एसडीएम आने वाले दीपावली के त्यौहार से पूर्व विस्फोटक सामग्री के लायसेंस की जांच करें एवं पटाखों के विक्रय के लिए स्थान चिन्हित किये जाएं। इसी प्रकार शासन के निर्देशानुसार सुशासन के लिए जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। जिले में यूरिया, डीएपी खाद एवं बीज वितरण कार्य के लिए उपार्जन खरीदी केन्द्रों की सतत मॉनिटरिंग करें। जिले में डेंगू एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सीएमएचओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद जारी रखें। महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनसे परामर्श करें।

## रेडक्रॉस भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**गुना।** विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सेवा भारती गुना द्वारा एवं पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल के सहयोग से 15 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय परिसर में रेडक्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, मेडिसिन विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, सर्जरी, चर्म रोग, ह्रदय रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क परीक्षण कर परामर्श दिया जाएगा। वहीं आयुष्मान कार्ड धारक रोगी जिनका ऑपरेशन होना होगा उन्हें निशुल्क भोपाल पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में कराया जाएगा। मरीज को गुना से ले जाने एवं वापस गुना तक छोडने् का भी निशुल्क कार्य पीपुल्स मेडिकल कॉलेज द्वारा कराया जाएगा। गुना शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों से आग्रह है कि वह इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएँ एवं परामर्श प्राप्त करें। शिविर 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस निशुल्क शिविर में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की टीम द्वारा सहयोग किया जावेगा।

## अमेरिका के ह्यूस्टन में रहने वाले भारतीय परिवारों ने उत्साह से मनाया दशहरा

# गुना की बेटी और बहू बनी सीता, बताया रावण के 10 सिरों का महत्व

**जागरण, गुना।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा देशभर में जिस उत्साह के साथ मनाया गया उसकी एक झलक सात समंदर पार अमेरिका में भी देखने को मिली। यहां के टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन शहर में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने अपने बच्चों को त्यौहारों की सांस्कृतिक विरासत से जोडने् के उद्देश्य से दशहरा पर्व का धूमधाम से आयोजन किया। अमेरिकी शहर ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन्स केटी संस्था द्वारा आयोजित दशहरा कार्यक्रम की पूरी तैयारियां जेपी मॉर्गन चेस बैंक में कार्यरत गुना निवासी आलोक दुबे की पत्नि शैली पाठक ने की। शैली भी गुना के मठकरी कॉलोनी की रहने वाली हैं और विवाह के बाद अपने पति आलोक के साथ यूएसए शिफ्ट हो गई हैं।

केटी संस्था की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी इंतजाम शैली पाठक द्वारा किए गए। इसके बाद जब रावण दहन का अवसर आया तो संस्था के सदस्यों ने सबसे पहले अपने बच्चों को रावण के 10 सिरों का महत्व विस्तार से बताया। रावण के आचरण, बल और कार्यों की अच्छी-बुरी



सभी जानकारियां बच्चों को दी गईं और उसका दहन क्यों किया जाता है इसके बारे में रामायण के अनुसार पूरा वृतांत बताया गया। अमेरिका में निवासरत इंडो-अमेरिकन्स ऑफ केटी संस्था ने अनोखा निर्णय लेते हुए तय किया कि रावण के अत्याचार का शिकार हुईं माता सीता के माध्यम से ही उसका दहन होना चाहिए। इसके बाद माता सीता के प्रतीक स्वरूप रावण दहन करने का अवसर भी गुना की शैली पाठक को ही दिया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों (लाइटर) के माध्यम से रावण का दहन कर दिया। इसके बाद उपस्थित भारतीय समुदाय द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से सभी को स्वल्पाहार कराया गया।

गुना निवासी आलोक दुबे ने बताया कि ह्यूस्टन के केटी क्षेत्र में कुल 580 परिवारों की आबादी निवासरत हैं। जिनमें से 200 भारतीय हैं। समय-समय पर भारतीय त्यौहारों का आयोजन किया जाता है। इस बार दशहरा की तैयारियां 3 से 4 दिन पहले शुरु कर दी गई थीं। भारतीय समय का ध्यान रखते हुए अमेरिका में दशहरा पर्व 11 अक्टूबर की रात (भारत में तब 12 अक्टूबर का समय था) को मनाया गया। इस कार्यक्रम में 100 से ज्यादा परिवार सम्मिलित हुए। अच्छी बात यह रही कि अमेरिकी सरकार ने पहली बार दीपावली पर्व के लिए

### कई दिनों से जारी थीं तैयारियां

आतिशबाजी खरीदने की अनुमति जारी की है। इसलिए समुदाय को दशहरा पर्व मनाने का विचार आया और तैयारियों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस 4 जुलाई और एक जनवरी नए साल पर ही आतिशबाजी खरीदने और उसे चलाने की अनुमति मिलती थी।

### अब दीपावली की तैयारियां शुरू

आलोक दुबे साल 2009 से अमेरिकी शहर टेक्सास में रहते हैं। उनके मुताबिक केटी क्षेत्र में रहने वाली इंडो-अमेरिकी संस्था सभी त्यौहार मिल-जुलकर मनाती है। यहां दीपावली का अलग ही माहौल है। अन्य त्यौहारों में अधिकांशतः भारतीय परिवार ही सम्मिलित होते हैं। लेकिन दीपावली का आयोजन इतना भव्य होता है कि सभी समुदाय, धर्म और राष्ट्रीयता के लोग सहभागी बनते हैं। दीपावली की तैयारियां इंडो-अमेरिकन्स केटी संस्था द्वारा अभी से शुरु कर दी गई हैं।

# महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और घटनाओं पर कांग्रेस ने जताया विरोध

**जागरण, गुना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेशभर में पार्टी द्वारा विरोध-प्रदर्शन कर महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रही यौन शोषण की घटनाओं को रोकने की मांग की जा रही है। इसी सिलसिले में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यालय पहुंचकर उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा है।

प्रदेशव्यापी आव्हान पर गुना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में नूर हसन नूर, विश्वानाथ तिवारी, हरिशंकर विजयवर्गीय, कैलाश नारायण भार्गव, रमेश सेंडो़, आलोक नायक, वीरेन्द्र सिंह सिसोधिया, पंकज कनेरिया, राजेंद्र तिवारी, रतिराम धाकड़, प्रमोद रघुवंशी कर्मचारी कांग्रेस, हलीम गाज़ी पार्षद, राजू जाटव पार्षद, तरुण सेन पार्षद, वीरू खटीक, राजू कोरी, महेश कुशवाह पार्षद, धर्मेंद्र धाकड़ मालपुर, ब्रजेश भार्गव, चिताबरे जी, मोहित शर्मा, लक्ष्मीनारायण, संजय जाटव, अनुज रघुवंशी सहित अन्य कांग्रेसजन की मौजूदगी में किए गए प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेता और कार्यकर्ता अम्बेडकर चौराहे के नजदीक सिंधिया जनसम्पर्क कार्यालय पर एकत्रित हुए। कांग्रेस नेताओं ने मध्यप्रदेश को बलात्कार प्रदेश बताते हुए प्रदेश सरकार की नाकामी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष धाकड़ ने बीते दिनों ग्वालियर, अनूपपुर, टीकमगढ़, राजगढ़, शहडोल, डिंडौरी सहित एक दर्जन जिलों में हुई महिला-बालिका हिंसा की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मप्र में बेटियों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था नाकाम रही है। इसलिए मध्यप्रदेश सरकार को जब कड़े कदम उठाना चाहिए, ताकि रोजाना सामने आ रहीं दुष्कर्म की अनैतिक और सनसनीखेज वारदातों पर रोक लगाई जा सके। नारेबाजी के बाद कार्यालय में मौजूद सांसद कार्यालय के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया है।